[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, मंगलवार, 12 मई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 5 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 215, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार खतरनाक होते हैं।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

सोमनाथ मंदिर भारत .... 02

05 प्रदेशभर में अवैध शराब कारोबार ...

## खबर संक्षेप

### कोडियात विद्यालय में महिला सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित,

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से जतन




संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पुलिस थाना नाई के तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोडियात में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को सुरक्षा अधिकारों, कानूनी सहायता सेवाओं तथा आत्मनिर्भरता के महत्व से जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विधिक परामर्शदाता एडवोकेट अनिता प्रजापत ने छात्राओं को घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट, पॉश एक्ट, साइबर अपराध, यौन उत्पीड़न तथा वन स्टॉप सेंटर की भूमिका सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या संकट की स्थिति में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के माध्यम से तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता यादव ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं एडवोकेट अनिता प्रजापत ने बालक-बालिकाओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उदाहरणों और व्यावहारिक सुझावों के माध्यम से समझाया कि वे अपने अधिकारों की रक्षा कैसे कर सकते हैं और आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में कैसे आगे बढ़ सकते हैं। उनकी संवादात्मक शैली से छात्र-छात्राएं पूरे सत्र के दौरान उत्साहित और सक्रिय नजर आए। कार्यक्रम में शिक्षक दुर्गेश ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि बालिकाओं को सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण मिल सके। अंत में आयोजक कृति द्विज एवं दुर्गा मीणा ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास जताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बालक-बालिकाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### धमोत्तर में 52 दिवसीय काउंटडाउन योग अभयान का प्रचार-प्रसार

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** उपखंड स्तरीय धमोत्तर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 52 दिवसीय काउंटडाउन योग अभियान के



प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपखंड स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, सरपंच, सचिव, विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रेखा लबाना ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि यहां 8 प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने औषधीय पौधों के महत्व एवं मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर योग एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को प्रेरित करते हुए नियमित योग अपनाने का संदेश दिया गया।

### सौंध माटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना के तहत 31 मई तक आवेदन आमंत्रित

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान की जनजातीय सांस्कृतिक विरासत के शोध, प्रलेखन, संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सौंध माटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना के अंतर्गत अभिव्यक्ति की अभिरुचि (ईओआई) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि संभागीय आयुक्त कार्यालय उदयपुर के निदेर्शानुसार जिले के विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों को योजना की जानकारी उपलब्ध करवाई गई है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर मुख्यमंत्री का युवाओं को संदेश

# विज्ञान, तकनीक और नवाचार से आत्मनिर्भर भारत निर्माण में निभाएं भूमिका : भजनलाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com













**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विज्ञान, तकनीक और नवाचार ही विकास का वास्तविक माध्यम हैं और आज का युवा राजस्थान को तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की क्षमता रखता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे संकोच छोड़कर अपने सपनों को उड़ान दें तथा नवाचारों और अनुसंधान के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदारी निभाएं। राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री सोमवार को जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 11 मई केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैज्ञानिक सामर्थ्य का प्रतीक है। वर्ष 1998 में इसी दिन पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण कर भारत ने दुनिया को अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता का परिचय दिया था। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के योगदान को याद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का मंत्र आज धरातल पर साकार हो रहा है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी क्षमता के बल पर पूरी दुनिया को वैक्सीन उपलब्ध कराकर अपनी ताकत का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत मिशन चंद्रयान, मेक इन इंडिया, तेजस लड़ाकू विमान, अर्जुन टैंक, प्रचंड हेलिकॉप्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान भी युवा शक्ति के माध्यम से तकनीकी प्रगति और उद्यमिता में नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार द्वारा एआई और मशीन लर्निंग आधारित तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए एआई-एमएल पॉलिसी लागू की गई है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन, कृषि, पर्यावरण संरक्षण और शहरी नियोजन में आधुनिक तकनीक के उपयोग के लिए राज्य स्तरीय ड्रोन सेल स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में विज्ञान और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करने के लिए मॉडल स्कूलों एवं पीएम श्री विद्यालयों सहित 820 विज्ञान क्लब शुरू किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 500 से अधिक विद्यालयों में रोबोटिक्स लैब स्थापित की गई हैं, जिससे बच्चों को प्रयोगात्मक शिक्षा और नवाचार का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और डिजिटल सेवाओं से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विज्ञान क्लबों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों और युवा उद्यमियों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को तकनीक और नवाचार के साथ राष्ट्रसेवा और जनसेवा का संकल्प भी दिलाया। मुख्यमंत्री ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न नवाचारों की सराहना की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री ब्रह्मगुप्त के नाम पर ब्रह्मगुप्त पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की। यह पुरस्कार विज्ञान, गणित, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और प्रतिभाशाली व्यक्तियों को प्रदान किया जाएगा। साथ ही जयपुर के कोचिंग हब में युवाओं के लिए एक अत्याधुनिक इनोवेशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा भी की गई।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि प्रदेश का युवा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि नवाचार और तकनीक के माध्यम से भविष्य को नई दिशा देने की क्षमता रखता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का युवा रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनेगा।



कार्यक्रम में विधायक गोपाल शर्मा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित कई अधिकारी, शिक्षाविद, वैज्ञानिक और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## प्रवासी राजस्थानियों ने देश-विदेश में बनाई विशिष्ट पहचान

# बदलते राजस्थान के विकास में प्रवासी समाज निभाए सक्रिय भूमिका : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**गुवाहाटी/जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने अपनी मेहनत, उद्यमशीलता और व्यापारिक कौशल के बल पर देश-विदेश में अलग पहचान स्थापित की है। राजस्थानी समाज जहां भी रहता है, वहां अपनी संस्कृति, परंपरा और मातृभूमि से गहरा जुड़ाव बनाए रखता है। यही जुड़ाव राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत है।

मुख्यमंत्री सोमवार को गुवाहाटी में राजस्थान फाउंडेशन के असम नॉर्थ ईस्ट चैप्टर द्वारा आयोजित अभिनंदन एवं स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी, विशेष रूप से मारवाड़ी समाज, सामाजिक दायित्वों और परिश्रम के माध्यम से अपनी कर्मभूमि असम और जन्मभूमि राजस्थान दोनों को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 23 से 25 मई तक जयपुर में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट ग्राम-2026 का आयोजन करने जा रही है। इस आयोजन में देश-विदेश के कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, तकनीकी जानकार, एग्रीटेक स्टार्टअप, उद्योगपति, किसान और पशुपालक भाग लेंगे। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से इस आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो राजस्थान कभी बिजली और पानी की समस्याओं से जूझता था, वह आज तेजी से बदल रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में बिजली और पेयजल आपूर्ति को मजबूत किया जा रहा है। कृषि, उद्योग, पर्यटन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बड़े स्तर पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते राजस्थान के निर्माण में प्रवासी राजस्थानियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्थान फाउंडेशन को और अधिक सक्रिय बनाया गया है ताकि देश और विदेश में बसे राजस्थानियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में राजस्थान फाउंडेशन असम नॉर्थ ईस्ट चैप्टर के पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी उपस्थित रहे।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर, केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 13 मई

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के तत्वावधान में आगामी जून माह में प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए 21 दिवसीय केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों में विभिन्न खेलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर माउंट आबू, जयपुर तथा जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों के लिए बांसवाड़ा में आयोजित होंगे। इन शिविरों में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से अथवा जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, डाल चौराहा, सलूंबर में 13 मई 2026 को सायं 4 बजे तक जमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि माउंट आबू में आयोजित शिविर में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं मुक्केबाजी खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जयपुर में फुटबॉल, क्रिकेट, जिम्नास्टिक, जूडो, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी एवं साइक्लिंग खेलों का प्रशिक्षण बालक एवं बालिका वर्ग को दिया जाएगा, जबकि भारोत्तोलन एवं खो-खो का प्रशिक्षण केवल बालकों के लिए रहेगा। इसी प्रकार बांसवाड़ा में आयोजित जनजाति वर्ग के शिविर में वॉलीबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल एवं हैंडबॉल खेलों का प्रशिक्षण बालक एवं बालिका वर्ग को दिया जाएगा, जबकि बास्केटबॉल प्रशिक्षण केवल बालकों के लिए आयोजित होगा।

जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि शिविर में चयनित खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ओर से आने-जाने का किराया, 21 दिवसीय निःशुल्क आवास, भोजन एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने जिले के अधिकाधिक प्रतिभावान खिलाड़ियों से समय पर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विज्ञान समिति में विशेष समारोह आयोजित



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विज्ञान समिति, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया तथा डॉ. डी. एस. कोठारी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान समिति परिसर में विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान, चिकित्सा एवं आधुनिक प्रौद्योगिकी के विविध आयामों पर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति एवं राजस्थान राज्यपाल के उच्च शिक्षा परामर्शक प्रो. कैलाश सोडानी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विज्ञान समिति अध्यक्ष एवं न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. महीप भटनागर के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की पृष्ठभूमि एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान समिति द्वारा संचालित विज्ञान लोकप्रियकरण गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने चल विज्ञान प्रयोगशाला एवं आर्यभट्ट विज्ञान चेतना केंद्र की उपयोगिता बताते हुए कहा कि विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर कुलप्रमुख डॉ. के. एल. कोठारी ने डॉ. डी. एस. कोठारी उत्कृष्टता अवार्ड की पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हुए विज्ञान समिति की 67 वर्षों की सेवायात्रा का उल्लेख किया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष डॉ. डी. एस. कोठारी उत्कृष्टता सम्मान-2026 डॉ. कीर्ति जैन को प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्तकर्ता का परिचय, सेवाकार्य एवं उपलब्धियों का विवरण डॉ. के. पी. तलेसरा ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता एवं सम्मान प्राप्तकर्ता डॉ. कीर्ति जैन, सीईओ, जीबीएच मेडिकल कॉलेज ने अपने व्याख्यान में चिकित्सा क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में औषधियों का चयन और उनकी मात्रा रोगी की व्यक्तिगत आवश्यकता एवं स्वास्थ्य पैरामीटर्स के आधार पर निर्धारित होगी। उन्होंने जीनोमिक्स, डीएनए सिक्वेंसिंग, सटीक चिकित्सा पद्धति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपचार प्रणाली तथा कैंसर चिकित्सा में हो रहे आधुनिक तकनीकी विकास को सरल भाषा में समझाया।

## खबर संक्षेप

### सलूंबर जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर

## सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर एवं ड्रोन पायलट भर्ती कैम्प 18 मई से, चयनित युवाओं को एयरपोर्ट और औद्योगिक क्षेत्रों में मिलेगी नियुक्ति

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर लेकर जीडीएक्स सिक्योरिटी ग्रुप, नोएडा द्वारा विशेष भर्ती अभियान शुरू किया जा रहा है। भारत सरकार के पसारा एक्ट अधिनियम-2005 के तहत आयोजित होने वाले इस भर्ती कैम्प के माध्यम से सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर एवं ड्रोन पायलट पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत 150 सुरक्षा जवान, 30 सुपरवाइजर तथा 20 ड्रोन पायलट पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

भर्ती अधिकारी राजेन्द्र कुमार सरगरा ने बताया कि भर्ती कैम्प जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक आयोजित होंगे। भर्ती कार्यक्रम के अनुसार 18 मई को पंचायत समिति लसाड़िया, 19 मई को पंचायत समिति सलूंबर, 20 मई को पंचायत समिति सेमारी, 21 मई को पंचायत समिति सराड़ा, 22 मई को पंचायत समिति जयसमंद, 25 मई को पंचायत समिति झल्लारा, 26 मई को सलूंबर तथा 27 मई को पुनः पंचायत समिति लसाड़िया में भर्ती कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान पद हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेंटीमीटर तथा वजन 52 से 96 किलोग्राम होना आवश्यक है। वहीं सुपरवाइजर पद हेतु स्नातक के साथ कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य रखा गया है। इस पद के लिए आयु सीमा 21 से 40 वर्ष, ऊँचाई 170 सेंटीमीटर तथा वजन 55 से 96 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों को भर्ती कैम्प में अपने साथ 10वीं अथवा उच्चतम शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं 250 रुपये पंजीयन शुल्क लेकर निर्धारित तिथि पर स्वयं उपस्थित होना होगा। भर्ती प्रक्रिया में अन्य जिलों के अभ्यर्थी भी भाग ले सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को जीडीएक्स ग्रुप के प्रशिक्षण केंद्र एनआईएमटी कैंपस, नियर परी चौक, नोएडा में 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र जारी कर जयपुर एयरपोर्ट, अहमदाबाद एयरपोर्ट सहित राजस्थान एवं गुजरात के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नियुक्ति दी जाएगी। भर्ती अधिकारी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 18 हजार रुपये से 22 हजार रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही पीएफ, पेंशन, बीमा, मेडिकल सुविधा, वार्षिक वेतन वृद्धि, लोन सुविधा, प्रमोशन एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। ड्यूटी के दौरान रहने एवं भोजन की सुविधा भी रियायती दरों पर उपलब्ध रहेगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 9289153551 एवं 9799414022 पर संपर्क कर सकते हैं।

## इंदौर पुलिस की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में एमआर-3 रोड स्थित सनसिटी के पास गैस टंकी में लगी आग पर



पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस जवानों की सतर्कता और साहस से आसपास के रहवासियों की जान सुरक्षित रही। जानकारी के अनुसार 10 मई की अलसुबह गश्त के दौरान पुलिस को गैस टंकी में आग लगने की सूचना मिली। घटना रहवासी क्षेत्र के बीच होने तथा आसपास गैस लाइन मौजूद होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही एसीपी हीरानगर रूबीना मिजवानी, थाना लसूड़िया एवं विजय नगर की एफआरवी टीम तथा बीट महालक्ष्मी नगर के पुलिस जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने जोखिमपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद तत्काल आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की और आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया। घटना में खाली प्लॉट में स्थित एक गुमटी के पास रखी गैस टंकी की चपेट में आने से भगवान सिंह पिता समर सिंह निवासी सरस्वती नगर, इंदौर आंशिक रूप से झुलस गए, जिन्हें पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की तत्परता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में गूंजा सांस्कृतिक गौरव का संदेश

# सोमनाथ मंदिर भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक : मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन संस्कृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और अटूट आस्था का जीवंत प्रतीक है। यह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की दृढ़ता, संघर्ष और पुनर्जागरण का प्रतीक भी है।

मुख्यमंत्री झारखंड महादेव मंदिर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान वे गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में कई बार विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन हर बार यह मंदिर और अधिक भव्यता एवं स्वाभिमान के साथ पुनः स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि यह हमारी संस्कृति की शक्ति और भारतीय समाज की अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए आत्मनिर्भर और सशक्त भारत निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। देशभर में सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद लौह पुरुष









सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था और वर्ष 1951 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी, विरासत भी की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। अयोध्या में रामलला मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, केदारधाम पुनर्विकास सहित अनेक धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों ने भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं और उन्होंने सोमनाथ मंदिर के संरक्षण एवं विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी प्रदेश में आध्यात्मिक उत्थान और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पुष्कर, खाटूश्यामजी, नाथद्वारा, चित्तौड़गढ़, केशोरायपाटन और डीग सहित विभिन्न धार्मिक एवं हेरिटेज शहरों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से हजारों वरिष्ठजनों को तीर्थ यात्रा का लाभ भी दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण यह संदेश देता है कि भारतीय संस्कृति कभी टूटती नहीं, बल्कि हर चुनौती के बाद और अधिक मजबूती से खड़ी होती है। उन्होंने स्वच्छता, ईमानदारी, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान और राष्ट्रसेवा को भारतीय संस्कृति की मूल भावना बताया।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने झारखंड महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, गोपाल शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय पर जोर

### खाद्यान्नों में विषाक्त तत्वों की जांच के लिए आधुनिक उपकरण विकसित करने की आवश्यकता : राज्यपाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीरी के जयपुर कार्यालय में विज्ञान भारती के सहयोग से विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से स्वस्थ और समृद्ध समाज निर्माण पर जोर देते हुए खाद्यान्नों में विषाक्त तत्वों की जांच के लिए आधुनिक उपकरण विकसित करने की आवश्यकता बताई। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में अनाज, सब्जियों और खाद्य पदार्थों में पेस्टीसाइड एवं केमिकल की मात्रा की जांच अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने सीरी से ऐसे उपकरण विकसित करने का आह्वान किया, जिनके माध्यम से आमजन यह जान सके कि उपयोग में लिया जा रहा खाद्यान्न कितना सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक का उपयोग मानव जीवन को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए होना चाहिए।

उन्होंने आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा से नई पीढ़ी को जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत प्राचीन काल से विज्ञान में समृद्ध रहा है। खगोल विज्ञान, गणित, धातु विज्ञान, आयुर्वेद और वास्तुकला जैसे क्षेत्रों में भारत ने विश्व को मौलिक खोजें और ज्ञान प्रदान किया है।

राज्यपाल ने खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन चुनौतियों से निपटने में भी तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। उन्होंने शून्य की खोज, अजंता गुफाओं में उपयोग किए गए रंगों तथा दूध में पानी की मिलावट जांचने की पारंपरिक पद्धति जैसे उदाहरण देते











हुए भारतीय वैज्ञानिक दृष्टि की ऐतिहासिक समृद्धि का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि विज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों और मानवीय दृष्टिकोण का विकास भी आवश्यक है। केवल तकनीकी विकास पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के लिए संवेदनशील और जिम्मेदार व्यक्तित्व निर्माण पर भी ध्यान देना जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने राजस्थान विज्ञान महोत्सव-2026 की स्मारिका एवं पोस्टर का विमोचन किया तथा सीरी की प्रयोगशालाओं में विकसित विभिन्न उपकरणों का अवलोकन भी किया।

विज्ञान भारती के सचिव मेघेंद्र शर्मा ने विज्ञान एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान भारती द्वारा रीको औद्योगिक क्षेत्रों में पौधारोपण एवं संरक्षण का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्था निरंतर कार्य कर रही है।

सीरी के निदेशक पी.सी. पंचारिया ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### जल जीवन मिशन घोटाले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में संजय बड़ाया गिरफ्तार, 13 मई तक पुलिस रिमांड

**जयपुर।** राजस्थान में जल जीवन मिशन से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय बड़ाया को गिरफ्तार किया है। एसीबी द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने यह कार्रवाई प्रकरण संख्या 245/2024 के तहत की। एसीबी के अनुसार आरोपी संजय बड़ाया को थाईलैंड यात्रा से लौटने के दौरान पूर्व में जारी लुकआउट सर्कुलर के आधार पर दिल्ली एयरपोर्ट पर डिटेन किया गया था। इसके बाद विशेष टीम उसे जयपुर स्थित एसीबी मुख्यालय लेकर आई, जहां पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 13 मई 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वहीं मामले में पूर्व मंत्री महेश जोशी को भी एसीबी द्वारा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में जांच लगातार जारी है। एसीबी जांच में सामने आया है कि मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल कम्पनी के प्रोपराइटर महेश मित्तल तथा मैसर्स श्री श्याम ट्यूबवेल कम्पनी के प्रोपराइटर पदमचंद जैन ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र तैयार किए। आरोप है कि इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तत्कालीन मंत्री महेश जोशी, तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी



सुबोध अग्रवाल, विभागीय मुख्य अभियंताओं, अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं, ठेकेदारों एवं निजी व्यक्तियों, विशेष रूप से संजय बड़ाया की मिलीभगत से करीब 960 करोड़ रुपये के टेंडर हासिल किए गए।

जांच में यह भी सामने आया कि 50 करोड़ रुपये से अधिक के मेजर प्रोजेक्ट्स की निविदाओं में नियमों के विरुद्ध साइट विजिट प्रमाण पत्र की अनिवार्यता जोड़ी गई, जिससे बोलीदाताओं की पहचान उजागर हुई और टेंडर पुलिंग को बढ़ावा मिला। इसके चलते 30 से 40 प्रतिशत तक असामान्य रूप से ऊंचे टेंडर प्रीमियम स्वीकृत किए गए। एसीबी के अनुसार इन टेंडरों की कुल राशि करीब 20 हजार करोड़ रुपये है। एसआईटी जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि संजय बड़ाया तत्कालीन मंत्री महेश जोशी का करीबी था और विभागीय कार्यों में हस्तक्षेप करता था। आरोपी ठेकेदारों से उसके निकट संबंध एवं रिश्वत राशि के लेनदेन के साक्ष्य भी जांच में मिले हैं।

# सुबह की सैर पर गांव पहुंचे मुख्यमंत्री, कड़ेल में ग्रामीणों से किया आत्मीय संवाद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**अजमेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार सुबह अजमेर जिले के कड़ेल गांव में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर आत्मीय संवाद किया और आमजन से सीधे जुड़ाव का संदेश दिया। रविवार रात्रि ग्राम चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद मुख्यमंत्री सुबह गांव की गलियों में पैदल भ्रमण करते नजर आए। मुख्यमंत्री को अपने बीच सहज रूप में देखकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

मुख्यमंत्री ने गांव की गलियों में भ्रमण के दौरान बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया तथा महिलाओं, किसानों, युवाओं, पशुपालकों, फल एवं सब्जी विक्रेताओं और सफाईकर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर ग्रामीणों से फीडबैक भी लिया। बच्चों से आत्मीयता से मिलते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली और उन्हें चॉकलेट वितरित की।

ग्राम भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्राचीन शेषनाग भगवान मंदिर पहुंचकर दर्शन किए तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर में भी उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने किसानों से गुलाब, आंवला, लेसवा, जामुन और प्याज जैसी स्थानीय फसलों एवं पारंपरिक खेती पद्धतियों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और जल संरक्षण आधारित खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि















वैज्ञानिक खेती से उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांव में लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर अधिकारियों को विशेष शिविर आयोजित कर राजस्व मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। ग्राम भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीणों के साथ बैठकर चाय पीते नजर आए। इस दौरान गांव के विकास, खेती-किसानी, शिक्षा और दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों पर आत्मीय चर्चा हुई। मुख्यमंत्री की सहजता और सरल व्यवहार ने ग्रामीणों को विशेष रूप से प्रभावित किया। ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। साथ ही परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बस संचालन तथा बालिका विद्यालय की चारदीवारी निर्माण के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### आरएमए ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

## मालवीय नगर जोन के 5 प्रतिष्ठान किए बंद

**जयपुर @ पदमावत मीडिया। जयपुर।** नगर निगम जयपुर ने बिना आरएमए ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मालवीय नगर जोन क्षेत्र के 5 प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कांकरिया के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को की गई। नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर नियमानुसार आरएमए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन नोटिस दिए जाने के बाद भी लाइसेंस प्राप्त नहीं किए जाने पर राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग के आदेश क्रमांक 8(ग) नियम/डीएलबी/16/1680 दिनांक 31 जनवरी 2017 के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मालवीय नगर जोन क्षेत्र में संचालित LOVE OVER COFFEE, श्री गोविंदम भोजनालय, J.MD BÔkers & FÔst Food, NOTHING BEFORE COFFEE तथा STARSTUD CAFE को नियमानुसार आरएमए लाइसेंस प्राप्त करने अथवा अग्रिम आदेशों तक बंद कराया गया। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठानों को लाइसेंस संबंधी उपविधियों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम जयपुर सीमा क्षेत्र में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, कैंटीन, मिठाई की दुकान, बेकरी, कन्फेक्शनरी, नमकीन फैक्ट्री, आइसक्रीम पार्लर एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का संचालन नियमानुसार आरएमए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस संचालन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ निगम द्वारा नियमानुसार सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संचालनकताओं की स्वयं की होगी।










## महेश जसरोटिया को दो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** देश के प्रतिष्ठित हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल महेश सिंह जसरोटिया को राजधानी दिल्ली स्थित आईटीसी वेलकम होटल द्वारका में आयोजित ह्लले अमानाह सीजन-7ह्व समारोह में दो



प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया। उन्हें ह्लग्लोबल हॉस्पिटैलिटी लीडर अवॉर्डह्व तथा ह्लआइकॉन ऑफ जम्मू एंड कश्मीर अवॉर्डह्व प्रदान कर उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार और हॉस्पिटैलिटी उद्योग में उल्लेखनीय योगदान का सम्मान किया गया। समारोह के दौरान महेश जसरोटिया ने इस उपलब्धि को अपनी व्यक्तिगत सफलता न बताते हुए अपनी टीम, सहयोगियों और मार्गदर्शकों की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा उन्हें अपने वरिष्ठों के विश्वास, मार्गदर्शन और सहयोग से मिली है। पूर्व में उदयपुर में अपनी सेवाएं दे चुके महेश जसरोटिया हाल ही में मैरियट इंटरनेशनल के अंतर्गत भारत के पहले ऑटोग्राफ कलेक्शन होटल से जुड़े हैं, जिसे भारतीय हॉस्पिटैलिटी उद्योग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे पूर्व वे द लीला, ताज, आईटीसी होटल्स, द पार्क और रेडिसन होटल ग्रुप जैसे देश के प्रतिष्ठित एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के होटल ब्रांड्स के साथ अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# हल्दीघाटी केवल युद्ध नहीं, जन-जन के स्वाभिमान का संग्राम था : डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** उदयपुर जिले के रामा ग्राम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं उनके अमर सहयोगी शूरवीर राणा पूंजा की नवनिर्मित प्रतिमाओं का भव्य अनावरण समारोह श्रद्धा, गौरव और ऐतिहासिक चेतना के वातावरण में आयोजित हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समाज प्रतिनिधि, युवा एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र देशभक्ति और मेवाड़ की वीर परंपरा के जयघोषों से गूंज उठा।

समारोह के मुख्य अतिथि श्रीश्री 108 अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज, सूरजकुंड एवं मेवाड़ के 77वें श्री एकलिंग दीवान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, गोगुंदा विधायक प्रतापलाल गमेती, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने महाराणा प्रताप के अद्वितीय स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्षों को स्मरण करते हुए कहा कि हल्दीघाटी केवल एक युद्ध नहीं था, बल्कि जन-जन के स्वाभिमान और धर्म रक्षा का संग्राम था। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की 36 कोमों ने एकजुट होकर अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष किया तथा अपने प्राणों की आहुति देकर इतिहास में अमर बलिदान दिया। डॉ. मेवाड़ ने राणा पूंजा के योगदान को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि वे महाराणा प्रताप के सबसे विश्वसनीय और वीर सहयोगियों में अग्रणी थे। उन्होंने कहा कि जब भी मुगल सेना अरावली की पहाड़ियों के बीच महाराणा प्रताप तक पहुंचने का प्रयास करती थी, तब राणा पूंजा और उनके वीर सैनिक चट्टान बनकर उनके सामने खड़े हो जाते थे। यही कारण है कि मेवाड़ के इतिहास में राणा पूंजा और भील वीरों का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ के राज्य चिह्न में राजपूत सैनिक के साथ भील सैनिक को समान सम्मान देना इस बात का प्रतीक है कि मेवाड़ की असली शक्ति सामाजिक एकता और समर्पण रही है। राज्य चिह्न के नीचे अंकित वाक्य ह्यजो दृढ़ राखे धर्म को तिही राखे करतारह्न मेवाड़ की धर्मनिष्ठा, त्याग और स्वाभिमान की पहचान है।


डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने महाराणा प्रताप के प्रिय अश्व चेतक एवं गज रामप्रसाद की वीरता और स्वामिभक्ति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चेतक ने युद्धभूमि में अपने स्वामी की रक्षा करते हुए प्राण न्यौछावर कर दिए, जबकि गज रामप्रसाद ने स्वामी वियोग में अपने प्राण त्याग दिए। इतिहास में इन पशुओं की स्वामिभक्ति और बलिदान को भी सम्मानपूर्वक स्थान दिया गया है।

उन्होंने समारोह में उपस्थित विशाल जनसमूह और ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामवासियों की एकजुटता और सहयोग ही ऐसे आयोजनों की वास्तविक शक्ति होती है। अंत में उन्होंने आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए रामा ग्राम की सुख, समृद्धि, शांति और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, संस्कृति और राष्ट्रगौरव का संगम

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जयसमंद में जिला स्तरीय आयोजन, सोमनाथ से मुख्य कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**सलूंबर।** सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। इसी क्रम में जिला कलक्टर मुहम्मद जुनेद पी पी के निर्देशन में जयसमंद की पाल स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में सोमनाथ से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।

मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया तथा धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। कार्यक्रम में विधायक शांता अमृत लाल मीणा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन, जाप एवं सोमनाथ भगवान के इतिहास और महत्व पर प्रवचन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने कहा कि सलूंबर जिला अत्यंत सौभाग्यशाली है, जहां बड़ी संख्या में प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रमुख मंदिर धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने ग्राम रथ अभियान एवं विकसित वार्ड जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।


उन्होंने सनातन संस्कृति की महानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव की महिमा अनंत है और सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति मानी जाती है।

विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय आस्था, संघर्ष, आत्मगौरव और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता का उत्सव है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्री राम मंदिर, महाकाल कॉरिडोर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और सोमनाथ मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों का विकास कर सनातन संस्कृति के गौरव को नई पहचान मिली है। साथ ही प्रदेश सरकार भी मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सलूंबर जिले में धार्मिक एवं पर्यटन सर्किट विकसित किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र को विशेष पहचान मिलेगी। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी आकांक्षा दुबे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश चंद्र पाटीदार, जयसमंद विकास अधिकारी दयाचंद यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र, समाज एवं मानव कल्याण की कामना करते हुए भारतीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

### एसीबी की बड़ी ट्रैप कार्रवाई

## वंडा पुलिस स्टेशन के दो हेड कांस्टेबल सहित चार आरोपी 51 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**अमरैली/भावनगर।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अमरैली जिले के वंडा पुलिस स्टेशन में पदस्थ दो पुलिस हेड कांस्टेबल सहित चार आरोपियों को रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार किया है। एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई के दौरान 51 हजार रुपये की रिश्वत राशि बरामद की।

एसीबी के अनुसार आरोपी विजयभाई मनसुखभाई मेर एवं छगनभाई मावजीभाई डाभी, दोनों पुलिस हेड कांस्टेबल, वंडा पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं। इनके साथ मयुरभाई बाबुभाई खुमाण निवासी वंडा तथा अतुलभाई चौहान निवासी गारियाधार, जिला भावनगर को भी आरोपी बनाया गया है।

जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के मित्र के खिलाफ वंडा पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले की जांच आरोपी पुलिसकर्मियों के पास थी। आरोपियों ने शिकायतकर्ता के मित्र का मोबाइल फोन और चार पहिया वाहन जब्त नहीं करने, व्यवसाय सुचारू रूप से चलने देने तथा मारपीट नहीं करने के बदले 1 लाख 25 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। बाद में बातचीत के दौरान सौदा 51 हजार रुपये में तय हुआ।

शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने भावनगर एसीबी से संपर्क कर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर 11 मई को एसीबी ने जाल बिछाया। ट्रैप के दौरान आरोपी मयुरभाई खुमाण ने मुख्य आरोपी की ओर से शिकायतकर्ता से 51 हजार रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार की और इसकी सूचना आरोपी पुलिसकर्मियों को दी। इसके बाद आरोपी छगनभाई डाभी मौके पर पहुंचा और राशि लेते ही एसीबी टीम ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। वहीं आरोपी विजयभाई मेर को वंडा पुलिस स्टेशन से हिरासत में लिया गया।

एसीबी ने बताया कि सभी आरोपियों ने आपसी साठगांठ कर अवैध लाभ प्राप्त करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया और आपराधिक कदाचार किया। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## शिक्षा विभाग में रचनात्मकता और आत्मबोध की कार्यशालाओं का आयोजन




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में बी.एड. एवं एकीकृत पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए रचनात्मकता, आत्मबोध और व्यक्तित्व विकास को केंद्र में रखकर दो विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओं में विद्यार्थियों को कला, नाट्य, मूकाभिनय, कहानी वाचन, योग, ध्यान एवं आत्मचिंतन के माध्यम से स्वयं को समझने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बी.एड. द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित आर्ट एंड ड्रामा कार्यशाला का शुभारंभ प्रसिद्ध मूकाभिनय कलाकार एवं कहानी वक्ता विलास जानवे तथा किरण जानवी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षा संकाय प्रमुख डॉ. अल्पना सिंह के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र विकास में कला एवं नाट्य गतिविधियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अतिथियों का परिचय डॉ. कुमुद पुरोहित द्वारा कराया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को अभिनय, मूकाभिनय, कहानी प्रस्तुति, भावाभिव्यक्ति तथा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रभावी संवाद और आत्मअभिव्यक्ति के गुर सिखाए गए। डॉ. स्वाति लोढ़ा, डॉ. निशा सिंघवी सहित अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को कला एवं शिक्षण पद्धतियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निशा सिंघवी ने किया।

## ग्राम रथ अभियान से गांव-गांव पहुंच रही योजनाओं की जानकारी, 14 पंचायतों में उमड़ा ग्रामीणों का उत्साह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**राजसमंद।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत सोमवार को जिले की 14 ग्राम पंचायतों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम रथों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रमों में भागीदारी निभाई। ग्राम रथ पंचायत समिति क्षेत्रों की ग्राम पंचायत ताल, थाना, चिताम्बा, मोरचना, केलवा, मादड़ी देवस्थान, तलाई, बालिचा, सेमा, टीकर, दिलाना, देवड़ो का गुट्टा एवं बल्लो का खेड़ा पहुंचा, जहां एलईडी स्क्रीन, ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया। ग्राम रथ के पहुंचते ही ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और योजनाओं से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रमों के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं जनहितकारी पहलों से भी आमजन को अवगत कराया गया।

अभियान के दौरान कई ग्रामीणों ने योजनाओं से जुड़ी समस्याएं और सुझाव भी अधिकारियों के समक्ष रखे। संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम रथ अभियान के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों तक योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंच रही है, जिससे पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिल रही है। अभियान सरकार और आमजन के बीच संवाद मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है।

## नगर निगम जयपुर की कार्रवाई, 11 कैंटर सामान जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया तथा 11 कैंटर सामान जब्त किया। कार्रवाई नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशों एवं पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में की गई। सतर्कता शाखा की टीम ने सीबीआई फाटक से खातीपुरा रेलवे स्टेशन के दोनों ओर, नारायण हॉस्पिटल के सामने, रानी सती नगर, अक्षरधाम मंदिर चित्रकूट, गांधीपथ एवं सेंट्रल स्पाइन सेक्टर-1 विद्याधर नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटवाए। कार्रवाई के दौरान 11 कैंटर सामान जब्त कर निगम गोदाम भिजवाया गया।

## खबर संक्षेप

### महावीर इंटरनेशनल ने मदर्स डे पर चलाया मां तुझे प्रणाम अभियान

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। अंतरराष्ट्रीय मदर्स डे के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र द्वारा महाराणा भूपाल चिकित्सालय के जनाना एवं बाल






चिकित्सालय में मां तुझे प्रणाम अभियान के तहत सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माताओं, नवजात शिशुओं, नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टरों एवं सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया। संस्था अध्यक्ष वीर रवीन्द्र सुराणा ने बताया कि स्वस्थ शिशु-स्वस्थ माता अभियान के तहत अस्पताल में भर्ती माताओं को ताजे फल एवं बच्चों को पौष्टिक बिस्कुट वितरित किए गए। वहीं दिव्य मदर मिल्क यूनिट में भी माताओं को फल भेंट कर उनके स्वास्थ्य की मंगलकामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टरों, सुरक्षा कर्मियों एवं सफाई कर्मचारियों को जूट बैग भेंट कर सम्मानित किया गया। वीर सुराणा ने कहा कि माताओं और नवजात शिशुओं की सेवा में जुटे ये सभी कर्मी समाज के सच्चे सेवक हैं। संस्था द्वारा जरूरतमंद माताओं एवं नवजात शिशुओं को नियमित रूप से बेबी किट, कपड़े, कंबल, सत्तू एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की जाती है। इसके साथ ही अंबामाता स्थित अंध विद्यालय में 100 बच्चों को पौष्टिक भोजन भी कराया गया। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र शिक्षा क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्था द्वारा इस वर्ष 305 जरूरतमंद विद्यार्थियों को 11.20 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। कार्यक्रम में सीए सुरेश बड़ीवाल, एन.एस. खमेसरा, राजकुमार नलवाया, राजेन्द्र भंडारी, कमल कुमार जैन, संजय बड़ाला, पूरणमल मेहता, स्वराज जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### त्रिशला जागृति मंच ने शुरू की शीतल पेयजल सेवा

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत पहुंचाने के उद्देश्य



से सामाजिक संस्था त्रिशला जागृति मंच द्वारा न्यू स्वामी नगर क्षेत्र में राहगीरों, मजदूरों, वाहन चालकों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए शीतल पेयजल एवं प्याऊ सेवा का शुभारम्भ किया गया। मंच अध्यक्ष डॉ. किरण जैन ने बताया कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण आमजन, विशेष रूप से मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक एवं राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर सेवा कार्य करने चाहिए। मंच महामंत्री पूनम जैन ने बताया कि संस्था के सदस्यों द्वारा राह चलते लोगों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने पानी पीकर संस्था के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की। संस्था ने भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. किरण जैन, पूनम जैन, डोली जैन, मधु भोरावत, तमन्ना संगावत, तारिका जैन, मीनाक्षी दामावत, तमन्ना अखावत, हेमलता संगावत, आशा सिंघवी, प्रतिभा चंदावत, बबिता जैन, सेजल जैन एवं अनिता पंचोली सहित अनेक महिला पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

### ग्राम रथ अभियान में डीबीटी योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए प्रतीकात्मक चैक

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। ग्राम रथ अभियान के तहत सोमवार को खैरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कानुवाड़ा में विभागीय डीबीटी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चैक वितरित किए गए। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, समाजसेवी पुष्कर तेली तथा नाना लाल अहारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की फार्म पौंड, कृषि यंत्र, तारबंदी सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चैक वितरित किए गए। वहीं, ऋषभदेव पंचायत समिति के कोजावाड़ा निवासी श्री खेमराज मीणा को कृषि विभाग की खेत तलाई एफआरए योजना के तहत 94 हजार 500 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई।

## देपालपुर और हातोद क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में खुलेआम मिट्टी खनन, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

# पंचायत तालाबों पर अवैध खनन से मचा हड़कंप प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**देपालपुर।** इंदौर जिले की देपालपुर एवं हातोद तहसील अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में पंचायत तालाबों से अवैध रूप से मिट्टी खनन और परिवहन किए जाने का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। ग्राम पंचायत आगरा, पिपलोदा और हसनाबाद में पंचायत तालाबों से बिना अनुमति मिट्टी निकासी के आरोपों ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार शिकायतों और स्थानीय विरोध के बावजूद खनन गतिविधियां जारी रहने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायतों की सार्वजनिक संपत्तियों पर खनन माफिया की नजर है और जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने के बजाय केवल औपचारिकता निभाते नजर आ रहे हैं। पंचायत तालाबों से मिट्टी चोरी होने के बाद भी संबंधित अमले की चुप्पी और ढिलाई ने प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। मामले को लेकर इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा और जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को पंचायत संपत्तियों की सुरक्षा और अवैध खनन पर कठोर नियंत्रण सुनिश्चित करना चाहिए था, लेकिन जमीनी स्तर पर सख्ती दिखाई नहीं दे रही। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत तालाब केवल जल संग्रहण का माध्यम नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की जल संरचना, भू-जल संरक्षण और सिंचाई व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। ऐसे में तालाबों से अवैध रूप से मिट्टी निकालना पर्यावरण और जल संरक्षण व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसके बावजूद कई स्थानों पर पोकलेन मशीनों और हाईवा डंपरों से लगातार मिट्टी निकासी का कार्य जारी है। ग्राम पंचायत आगरा में आरोप है कि एजेंट हरिओम कलोता नेवरी द्वारा पंचायत तालाब से मिट्टी निकालकर उसका परिवहन और बिक्री की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की अनुमति के बिना यह कार्य लंबे समय से चल रहा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

वहीं ग्राम पंचायत पिपलोदा में पिछले लगभग एक माह से पंचायत तालाब में लगातार मिट्टी खनन किए जाने की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार कान्हा सोनगरा नामक व्यक्ति द्वारा तालाब क्षेत्र में अवैध खनन कराया जा रहा है। पंचायत सचिव भारत चौहान भी इस मामले में पुलिस शिकायत दर्ज कराने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि कुछ खनन एजेंट एक भाजपा नेता का नाम लेकर दबाव बना रहे हैं, जिससे राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सार्वजनिक करे।

ग्राम पंचायत हसनाबाद में भी दिन-रात पंचायत तालाब से मिट्टी निकासी की शिकायतें सामने आई हैं। सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले में स्थानीय स्तर पर संरक्षण मिलने की चचाएँ हैं। पूर्व में जनपद पंचायत द्वारा सचिव कैलाश चौहान का पांच दिन का वेतन काटा गया था, लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन पर रोक नहीं लग सकी।

देपालपुर जनपद पंचायत सीईओ पूजा मालाकार सैनी ने बताया कि संबंधित पंचायत सचिवों के पांच दिन का वेतन काटा गया है तथा आगे की कार्रवाई के लिए पत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में प्रयुक्त वाहनों की जब्ती की कार्रवाई एसडीएम एवं तहसीलदार स्तर पर की जाती है। वहीं हातोद एसडीएम विनोद राठौर ने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम भेजी जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, अधिकारी मामले से अवगत हैं और कुछ कार्रवाई भी हो चुकी है, तो फिर अवैध खनन रुक क्यों नहीं रहा। पंचायत तालाबों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली कटघरे में खड़ी दिखाई दे रही है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण योजनाएं प्रभावित होने के साथ शासन की मंशा पर भी प्रश्नचिह्न लग सकते हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला प्रशासन तत्काल संयुक्त जांच दल गठित कर जेसीबी मशीनों और हाईवा डंपरों को जब्त करे, दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करे तथा पंचायत तालाबों को हुए नुकसान की वसूली जिम्मेदार लोगों से की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा।

## धानसा की सरस्वती स्कूल के दो विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**





भीनमाल । निकटवर्ती धानसा गाँव के सरस्वती विद्या मन्दिर माध्यमिक विद्यालय धानसा के दो विद्यार्थियों खुशबूकंवर राठौड़ एवं रौनक राठी का जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में कक्षा 11 में चयन हुआ है।

विद्यालय निदेशक विक्रमसिंह राठौड़ धानसा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस विद्यालय से नवोदय में लगातार चयन हो रहे है, जो विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को दशार्ता है। नवोदय में चयनित दोनों ही होनहार एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थी है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड.की 10 वीं बोर्ड.परीक्षा में भी दोनों ही विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों विद्यार्थियों का नवोदय में चयन होने पर विद्यालय प्रबंधन एवं ग्रामवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी तथा ग्रामवासियों ने सरस्वती विद्या मन्दिर माध्यमिक विद्यालय धानसा के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इनके नवोदय में चयनित होने पर ग्रामीण क्षेत्र में खुशी की लहर फैल गयी है।

## दसा नरसिंहपुरा समाज के युवा सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** श्री मेवाड़ वागड़ भारतवर्षीय दसा नरसिंहपुरा महासभा के आगामी 31 मई को होने वाले युवा सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम महासभा अध्यक्ष लक्ष्मीलाल बोहरा की अध्यक्षता में हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित महासभा छात्रावास कार्यालय में सम्पन्न हुआ। युवा परिषद महामंत्री महावीर लुणदिया ने बताया की इस कार्यक्रम में आगामी क्रिकेट टूनार्मेंट , युवक युवती परिचय सम्मेलन और युवा सम्मेलन पर चर्चा की गई। समाज अध्यक्ष सुमति प्रकाश वालावत, रमेश चंद्र केरोत, शीतल कुमार डुंगरिया, कुंदन पचौरी, हितेश भंवरा, रविन्द्र वोरा, युवा परिषद अध्यक्ष अभिषेक भावोत, संयोजक पंकज गांगावत, आशीष सिंघवी, अरुण रत्नावत, अरुण लुणदिया, प्रकाश लुणदिया, हर्षित कोठारी, निखिल सिंघवी, पदम केरोत, किरण पटवा, विकास डुंगरिया, विजेश वोरा आदि ने अपने विचार रखे और युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने हेतु आह्वान किया ।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए लगाए जा रहे परिंडे







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से राजस्थान समाज सेवा संस्थान का परिंडा अभियान लगातार जारी है। संस्था की ओर से आमजन एवं पक्षी प्रेमियों को निशुल्क परिंडे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

संस्थान कोषाध्यक्ष रीना जैन ने बताया कि बड़गांव, देवाली एवं आयड़ क्षेत्र में पक्षी प्रेमियों को निशुल्क परिंडे वितरित किए गए, जिन्हें लगाकर लोगों ने नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली है।

संस्थान की उपाध्यक्ष मंजूलता ने बताया कि अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में भी परिंडे लगाए जा रहे हैं। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतगढ़ गोगुंदा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सूरण एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय रत्ना कला में अध्यापकों और विद्यार्थियों ने परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की। विद्यालयों के आसपास रहने वाले बच्चों ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी नियमित रूप से परिंडों में पानी भरने का संकल्प लिया है।

## योगेश्वरी वरूणाची माता का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**





**भीनमाल।** स्थानीय तलबी रोड स्थित योगेश्वरी वरूणाची मंदिर का 27 वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। योगेश्वरी वरूणाची मंदिर समिति के सचिव अनिल व्यास ने बताया कि श्रीमाली ब्राह्मण के सनकस एवं काश्यप दो गोत्रीय श्रीमाली ब्राह्मणों की कुलदेवी योगेश्वरी वरूणाची मंदिर के पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया । रविवार को मंदिर परिसर में रात्रि को भजन संध्या एवं माता के सुकड़ी गूगरी की प्रसादी के साथ रातीजगा किया गया। रात्रि में विनोद गंगावा पाली एवं टीना चौहान भीनमाल झणकार ग्रूप द्वारा भक्ति संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। योगेश्वरी वरूणाची मंदिर पाटोत्सव के अवसर पर सोमवार को शुभ मुहूर्त में व्यास परिवार द्वारा मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई एवं मुख्य यजमान अशोक प्रताप व्यास द्वारा विश्व कल्याण के लिए 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा नवचंडी यज्ञ किया गया । सचिव व्यास ने बताया कि कन्हैयालाल त्रिवेदी सायला की अध्यक्षता में दोपहर में राजस्थान गुजरात, तमिलनाडु , कर्नाटक, आंध्रप्रदेश एवं महाराष्ट्र आदि से आये करीब चार हजार सनकस तथा काश्यप गोत्रीय श्रीमाली ब्राह्मणों के बीच में अगले वर्ष के चढ़ावे, सत्कार सम्मान एवं महाप्रसादी आदि कार्यक्रम किया गया।

# उदयपुर में 17 मई को होगा 12वां अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**उदयपुर।** श्री मेवाड़ वागड़ मालवा जनजाति समाज संस्थान की ओर से 12वां अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह आगामी 17 मई को उदयपुर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में शिक्षा, खेल, समाजसेवा, प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली 600 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही सर्व समाज के 50 शिक्षकों को भी शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह निर्णय उदयपुर सांसद एवं संस्थान के केंद्रीय संयोजक डॉ. मन्नालाल रावत की अध्यक्षता में आयोजित 10 जिलों की बैठक में लिया गया। बैठक में राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व आईजी डॉ. थावरचंद डामोर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

संस्थान के महासचिव डॉ. शंकर एच. बामनिया ने बताया कि समारोह का आयोजन सुखाड़िया रंगमंच टाउन हॉल, नगर निगम परिसर उदयपुर में प्रातः 9:30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृहरक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी तथा राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग के कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा होंगे। समारोह में उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, सिरोही, सलूम्बर, चित्तौड़गढ़ एवं पाली जिले की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में जनजाति अस्मिता के प्रतीक महर्षि वाल्मीकि, मानगढ़ धाम, गोविंद गुरु, नानाभाई खांट, वीर राणा पूंजा भील, वीर एकलव्य, पद्मश्री लिम्बाराम एवं वीरबाला कालीबाई के नाम पर विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में बेणेश्वर धाम को केंद्रीय विषय रखते हुए विशेष चर्चा भी की जाएगी। विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक अथवा पीएचडी प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को ह्यआदि कवि वाल्मीकि गौरव पुरस्कारह्न प्रदान किया जाएगा। अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं को ह्यमेवाड़ वीर राणा पूंजा भील प्रतिभा पुरस्कारह्न से सम्मानित किया जाएगा। मेडिकल, प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित विद्यार्थियों को ह्यवीर बालक एकलव्य प्रतिभा पुरस्कारह्न प्रदान किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ह्यशहीद वीरबाला कालीबाई प्रतिभा पुरस्कारह्न दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्यकताओं को ह्यशहीद नानकजी भील सामाजिक नेतृत्व पुरस्कारह्न तथा अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ह्यपद्मश्री धनुर्धर श्री लिम्बाराम खेल रत्न पुरस्कारह्न से सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की वार्षिक स्मारिका ह्यउड़ान-एक प्रेरणाह्न का विमोचन भी किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कैरियर काउंसलिंग आधारित ह्यगौरव की राहेंह्न डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा।

समारोह में संस्थापक एवं पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, क्षेत्र के विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व कुलपति एवं जनजाति विश्वविद्यालय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।

## खबर संक्षेप

### बैंक फ्रॉड मामले में सीबीआई कोर्ट का बड़ा फैसला

## आरोपी को तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं 14 हजार रुपये जुर्माने की सजा

**कोल्हापुर @ पदमावत मीडिया।** बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में सीबीआई कोर्ट, कोल्हापुर (महाराष्ट्र) ने आरोपी यासिन के. शेख को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 14 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यह मामला 29 दिसंबर 2011 को केनरा बैंक की शिकायत के आधार पर दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि आरोपी यासिन शेख ने बैंक अधिकारियों के साथ कथित साजिश कर फर्जी दस्तावेजों और तथ्यों को छिपाकर पांच लाख रुपये का कैनमोबाइलवाहन ऋण प्राप्त किया था। सीबीआई के अनुसार आरोपी ने जिस हुंडई कार को खरीदने के नाम पर ऋण लिया, वह वाहन पहले से ही उसके स्वामित्व में था। इतना ही नहीं, उसी वाहन की खरीद के लिए पूर्व में लिए गए ऋण की जानकारी भी छिपाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि सार्वजनिक सेवकों की वित्तीय स्वीकृति सीमा से बाहर जाकर और बैंक के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए आरोपी को दो बार ऋण स्वीकृत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी माना और उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं 14 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

### महिला सुरक्षा के लिए उदयपुर पुलिस का डिकॉय ऑपरेशन जारी

## कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने दूध तलाई क्षेत्र से दो लोगों को किया डिटेन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** महिला सुरक्षा एवं सार्वजनिक व्यवस्था को और




अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से उदयपुर पुलिस द्वारा विशेष डिकॉय ऑपरेशन लगातार चलाया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा के निर्देशन में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में सादा वेश में विशेष निगरानी की जा रही है। पुलिस द्वारा पार्क, स्कूल-कॉलेजों के आसपास, बस स्टैंड, भीड़भाड़ वाले इलाकों तथा उन स्थानों पर गोपनीय रूप से डिकॉय ऑपरेशन चलाया जा रहा है, जहां महिलाओं और बालिकाओं के साथ छेड़छाड़, अभद्रता, चेन स्नैचिंग अथवा अन्य असामाजिक गतिविधियों की संभावना रहती है। इसी अभियान के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने सादा वस्त्रों में दूध तलाई क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अनुचित व्यवहार एवं शराब सेवन कर रहे दो व्यक्तियों को थाना घंटाघर पुलिस के सहयोग से डिटेन किया। दोनों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उदयपुर पुलिस ने बताया कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की ओर से आगे भी सादा वेश में संवेदनशील स्थानों पर गोपनीय गश्त जारी रखी जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं छात्राओं पर फब्तियां कसने, शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने तथा अन्य अनुचित गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। उदयपुर पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि आसपास कोई असामाजिक तत्व या शराबी सार्वजनिक शांति भंग करता दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## स्वगणना की अंतिम तिथि 15 मई तक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जनगणना 2027 के लिए चल रहे मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के प्रथम चरण के तहत स्वगणना को लेकर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जिले में स्वगणना को लेकर नियमित रूप से प्रशिक्षण, शिविर आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कड़ा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विशेष निरोधात्मक अभियान में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# प्रदेशभर में अवैध शराब कारोबार पर कसा शिकंजा 2 लाख 48 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राजस्थान में अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा चलाया जा रहा विशेष निरोधात्मक अभियान लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में नाकाबंदी, दबिश, गश्त और रेड की सघन कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न जिलों में बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त करने के साथ हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया है तथा बड़ी संख्या में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### आबकारी विभाग की प्रदेशव्यापी कार्रवाई में 959 अभियोग दर्ज

**310 आरोपी गिरफ्तार, हजारों लीटर अवैध शराब जब्त :** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में 1 मई से 10 मई 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान प्रदेशभर में कुल 959 अभियोग दर्ज किए गए हैं। इस कार्रवाई के दौरान 10 लाख 52 हजार 669 रुपये लागत की 3920 लीटर देशी मदिरा, 9 लाख 28 हजार 100 रुपये लागत की 930 लीटर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, 3 लाख 26 हजार 130 रुपये मूल्य की 1476 लीटर बीयर तथा 6622 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की गई है। इसके साथ ही अवैध शराब निर्माण में उपयोग किए जाने वाले 2 लाख 48 हजार 931 लीटर वॉश को नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान 8 बड़े वाहन, 2 हल्के चार पहिया वाहन और 27 दुपहिया वाहन सहित कुल 37 वाहन जब्त किए गए हैं। अभियान के तहत 310 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



### श्रीगंगानगर में अवैध शराब तस्करों पर कार्रवाई

**मोटरसाइकिलों से हो रही थी शराब की सप्लाई :** आबकारी विभाग की टीमों ने श्रीगंगानगर जिले में भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए पड़त मदिरा दुकान क्षेत्र में दबिश देकर 355 पव्वे देशी शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की। वहीं ग्राम अबोहरिया में मोटरसाइकिल से अवैध शराब परिवहन करते हुए 288 पव्वे देशी शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### सुजानगढ़ और नागौर में अवैध हथकड़ शराब पर कार्रवाई

**600 लीटर वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज :** चूरू जिले के सुजानगढ़ क्षेत्र में आबकारी टीम ने कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाइकिल से 60 पव्वे देशी शराब बरामद किए। वहीं नागौर जिले के मेड़ता सिटी क्षेत्र में अवैध हथकड़ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई तथा 600 लीटर वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किया गया। नागौर में एक अन्य कार्रवाई के दौरान 4 लीटर अवैध हथकड़ शराब भी बरामद की गई।



### चित्तौड़गढ़ में दबिश, कोटा और बीकानेर में नाकाबंदी जारी

**भारतमाला एक्सप्रेस वे पर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच :** चित्तौड़गढ़ जिले के बेगूं क्षेत्र में आबकारी निरोधक दल द्वारा कार्रवाई करते हुए 4 अभियोग दर्ज किए गए। वहीं कोटा जिले में भारतमाला एक्सप्रेस वे पर विशेष नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी प्रकार बीकानेर ग्रामीण क्षेत्र के भारतमाला रोड नोरगदेसर में भी वाहनों की जांच अभियान जारी है।

### जीरो टोलरेंस नीति के तहत लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

**अवैध शराब कारोबारियों पर सख्ती बरतेगा आबकारी विभाग :** आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में अवैध शराब निर्माण, परिवहन और विक्रय के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक और आबकारी निरोधक दल संयुक्त रूप से अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित कर रहे हैं।





उन्होंने कहा कि अवैध मदिरा कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा प्रदेशभर में नाकाबंदी, दबिश और सघन गश्त का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत रामेश्वर महादेव परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमवार को श्री रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ह्रसोमनाथ स्वाभिमान पर्वह्ल के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आमजन ने भाग लिया।

इस दौरान गुजरात के सोमनाथ में आयोजित राष्ट्र स्तरीय मुख्य समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महादेव की पूजा करना उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव है। वहीं जयपुर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं जिला



परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर महादेव का अभिषेक किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने ह्रहर हर महादेवह्ल के जयघोष के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

यह आयोजन कला एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार तथा राजस्थान सरकार के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग एवं देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।





# एकेडमिक काउंसिल में प्रोफेसर डॉ. किशोरी लाल शर्मा पुन: नामित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर के स्नातकोत्तर शरीर क्रिया विभाग में कार्यरत प्रोफेसर डॉ. किशोरी लाल शर्मा को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की एकेडमिक काउंसिल में पुनः तीन वर्ष के लिए सदस्य नामित किया गया है। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। प्रोफेसर डॉ. शर्मा को पूर्व में उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय धन्वंतरि पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। वे आयुष मंत्रालय भारत



सरकार की विभिन्न समितियों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।उन्होंने स्नातक पाठ्यक्रम समिति, आजादी का अमृत महोत्सव एवं आयुष संवाद कार्यक्रम में नोडल अधिकारी के रूप में कार्य किया है। साथ ही साइंटिफिक राइटिंग में मास्टर ट्रेनर की भूमिका भी निभा चुके हैं। वर्तमान में वे राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में डीन पद पर कार्यरत हैं।

## हरनी महादेव में गूंजा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया सांस्कृतिक चेतना का महापर्व






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा।** राज्य सरकार द्वारा आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने एवं सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सोमवार को भीलवाड़ा स्थित श्री हरनी महादेव मंदिर ट्रस्ट में ह्लसोमनाथ विरासत के 75 सालह्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं आमजन की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष श्रृंगार दर्शन, भव्य कलश यात्रा, रुद्राभिषेक एवं सोमनाथ से जुड़ी गौरवगाथाओं का वाचन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे लोगों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, श्रद्धा, स्वाभिमान और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति सदैव समाज को जोड़ने, सेवा, समर्पण और लोककल्याण का संदेश देती आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार भी अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ प्राप्त कर सकें।

# ग्राम रथ अभियान बना गांव-गांव में विकास और जनजागरूकता का माध्यम

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गांव, गरीब और किसान के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखकर संचालित ग्राम रथ अभियान अब ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता और जनभागीदारी का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम रथ गांव-गांव पहुंचकर आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच सके।

सोमवार को ग्राम रथ सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचा, जहां ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्पमालाओं एवं पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। ग्राम रथ ने नेवा तलाई, भालडीया, सिंघटवाड़ा, केवड़ा, ओडा और बगरूचा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

अभियान के दौरान ग्रामीणों को योजनाओं





की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं लाभ प्राप्त करने की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। ग्राम रथ के माध्यम से किसानों और पशुपालकों को आधुनिक कृषि एवं पशुपालन तकनीकों से भी अवगत कराया गया तथा उन्हें प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट ग्राम-2026 में अधिकतम भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

ग्राम रथ अभियान सरकार और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का भी प्रभावी माध्यम बन रहा है। रथों में स्थापित सुझाव पेटिका के माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याएं, सुझाव एवं अपेक्षाएं सीधे प्रशासन और सरकार तक पहुंचा रहे हैं। इससे ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ने के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन को भी मजबूती मिल रही है।

अभियान के तहत मंगलवार को सलूंबर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अदवास, जावद, नईझर, सेमाल और गामड़ी में ग्राम रथ पहुंचेगा, जहां ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया है।

# सीबीआई ने होमबायर्स फ्रॉड मामले में सातवीं चार्जशीट की दाखिल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने होमबायर्स के साथ बड़े स्तर पर हुई धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सातवीं चार्जशीट दाखिल की है। यह चार्जशीट नोएडा स्थित एक हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े कथित फ्रॉड मामले में एम/एस सीक्वेल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ दाखिल की गई है।

सीबीआई द्वारा की गई जांच में सामने आया कि आरोपी बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने आपराधिक साजिश के तहत मासूम होमबायर्स और निवेशकों को झूठे आश्वासन, भ्रामक दावे और फर्जी वादों के




जरिए गुमराह किया। आरोपियों ने कथित रूप से निवेशकों से धन प्राप्त कर आर्थिक लाभ उठाया, जिससे खरीदारों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ।

सीबीआई ने सक्षम न्यायालय में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात से संबंधित प्रावधानों में यह चार्जशीट पेश की है। गौरतलब है कि देशभर में होमबायर्स से धोखाधड़ी और फंड डायवर्जन से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई 50 मामलों की जांच कर रही है। इन मामलों में विभिन्न बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों की भूमिका की भी जांच जारी है।